## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सेपक टकरा खेल प्रतियोगिता हेतु 4 खिलाड़ी चयनित



**शहडोल।** मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 24 से 28 अप्रैल 2026 तक तेलंगाना के एनटीआर स्टेडियम में आयोजित होने वाली शालेय राष्ट्रीय सेपकटकरा खेल प्रतियोगिता हेतु शहडोल संभाग के 4 खिलाड़ियो का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियो में टाइम पब्लिक स्कूल शहडोल की नंदिनी जैन, एकांत शुक्ला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्कूल शहडोल, मान्यता गुप्ता, महर्षि विद्यालय शहडोल, देवासी शर्मा पिता सुधांशु शर्मा के नाम शमिल है। चयनित खिलाड़ियो को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल संभाग शहडोल उमेश कुमार धुर्वे ,सहायक संचालक खेल रईस अहमद सहित अन्य अधिकारियो एवं विद्यालय के प्राचार्य ने उत्कृष्ट प्रदर्षन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने बताया कि तेलंगाना के एनटीआर स्टेडियम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सेपक टकरा खेल प्रतियोगिता का प्री नेशनल कोचिंग कैंप अनूपपुर में 17 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी।

### यूआईटी उत्सव अंतर्गत आयोजित किया गया क्रिकेट प्रतियोगिता



**शहडोल।** यूआईटी उत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित इंटर कॉलेज टूर्नामेंट के संबंध में संयोजक गोपाल प्रसाद माणिकपुरी ने जानकारी दी कि इंजीनियरिंं कॉलेज परिसर में किक्रेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आईटीआई कॉलेज शहडोल एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल के बीच खेला गया। इस प्रतियोगिता में आईटीआई शहडोल की टीम ने 3 विकेट से विजय प्राप्त की। वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-1 सेट से जीत दर्ज की। इसी प्रकार नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'खुदगर्ज बैंड' दल द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। नारी शक्ति थीम पर विभिन्न छात्र-छात्राओं ने संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। नारी शक्ति थीम के अंतर्गत आयोजित डिबेट, क्विज, मेहंदी एवं नेल आर्ट प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियो को सम्मानित भी किया गया । इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. पंकज जैन, अकादमिक इंचार्ज डॉ. पी.एल. वर्मा, कोऑर्डिनेटर निखत खान एवं वैशाली श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### आओ बचाएं जल, सुरक्षित करें कल



**शहडोल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल बचाने, संरक्षित करने एवं जल का महत्व बताने हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है जिसमें जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामवासी बढ़ चढ़कर सहभागिता निभा रहें है। इसी अनुक्रम में जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत सरसी स्थित मतहा माता मंदिर तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, सीईओ जनपद श्री सुधीर दिनकर सहित ग्रामवासियो ने तालाब की साफ-सफाई कार्य में श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जल प्रकृति द्वारा प्रदत्त एक अमूल्य उपहार है, जो समस्त जीव-जगत के अस्तित्व का आधार है।

### स्व गणना में जिलेवासी निभाएं सक्रिय भागीदारी

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के नागरिको से अपील करते हुए कहा है कि शहडोल जिले में जनगणना 2027 हेतु 16 अप्रैल 30 अप्रैल 2026 तक स्व गणना की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस व्यवस्था से आमजन घर बैठे स्व-गणना पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें और इस डिजिटल पहल का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि स्व-गणना पूर्ण होने पर प्राप्त आईडी प्रगणक को अवश्य उपलब्ध कराएं।

## एसडीओपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने झोंकी ताकत

# टांडिया के सीने में दफन गांजा तस्करी के दर्जनों राज

*जैतपुर थाना क्षेत्र के कमता मोड़ हादसे के बाद सामने आए कथित गांजा तस्करी प्रकरण की जांच अब कई दिशाओं में बढ़ गई है। तीन युवकों की संदिग्ध मौत, 200 किलो गांजे की बरामदगी, दुर्घटनाग्रस्त क्रेटा कार और कई स्थानीय नामों की चर्चा से मामला बेहद संवेदनशील बन गया है। पुलिस हर कड़ी जोडने में जुटी है।*




### कई नाम जांच के घेरे में, चौथे दिन भी कार्रवाई जारी







**शहडोल।**

जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के कमता मोड़ में 13 और 14 अप्रैल की दरमियानी रात हुए हादसे तथा उसके बाद तीन युवकों की मौत के मामले ने अब बड़ा रूप ले लिया है। शुरुआती तौर पर सडक़ दुर्घटना समझे जा रहे इस घटनाक्रम में अब कथित गांजा तस्करी का एंगल सामने आने से पुलिस जांच तेज कर दी गई है। शहडोल पुलिस लगातार चौथे दिन भी पूरे मामले की तह तक पहुंचने में जुटी रही। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी धनपुरी विकास पांडे के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई है। बुढार, धनपुरी, अमलाई, खैरहा, जैतपुर तथा अन्य थाना क्षेत्रों के पुलिसकर्मियों के साथ साइबर सेल भी जांच में लगी हुई है। अधिकारियों ने क्षेत्र में लगातार दबिश और साक्ष्य संकलन की कार्रवाई जारी रखी है।

#### 200 किलो गांजा जब्ती के बाद बढ़ी हलचल

पुलिस ने बीते दिनों लगभग 200 किलो गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। यह माल कथित तौर पर उसी नेटवर्क से जुड़ा माना जा रहा है, जिसकी जांच हादसे के बाद शुरू हुई। इस मामले में शंकर विश्वकर्मा सहित हीरा सिंह को गिरफ्तार किया था। पुलिस अब यह जानने का प्रयास कर रही है कि खेप कहां से आई, किन रास्तों से लाई गई और इसे आगे कहां भेजा जाना था।

#### चालक से पूछताछ, कई और नाम सामने

सूत्रों के मुताबिक दुर्घटनाग्रस्त क्रेटा कार के चालक को कल्याणपुर क्षेत्र के पास से हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि उसके बयान से कई नए नाम और नेटवर्क की परतें सामने आ सकती हैं। चर्चाओं में धनपुरी रिजनल क्षेत्र के राहुल नामक युवक का नाम सामने आ रहा है। इसके अलावा रेखा और ज्योति नाम की दो महिलाओं की भूमिका को लेकर भी स्थानीय स्तर पर चर्चाएं हैं। पुलिस इन सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। जांच से जुड़े सूत्रों के अनुसार बुढार क्षेत्र के लकी नामक व्यक्ति का नाम भी चर्चा में है। ग्राम बदरा के दीपू एनएच-43 किनारे ढाबा संचालित करने वाले सौरभ, बूदन नामक व्यक्ति, ग्राम लखवारिया के विकास का नाम भी सामने आ रहा है। इसी क्रम में ग्राम झिरिया के प्रद्युम्न नामक व्यक्ति का नाम भी चर्चाओं में शामिल बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस का स्पष्ट कहना है कि केवल नाम सामने आना किसी की संलिप्तता साबित नहीं करता, जांच पूरी होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा।

#### रोहित-तनुज और सचिन की कड़ी

अब तक सामने आई जानकारियों के अनुसार हादसे की सूचना मिलने के बाद रोहित शर्मा मौके पर पहुंचे थे। उनके साथ बाद में तनुज शुक्ला और सचिन सिंह बघेल के भी वहां पहुंचने की चर्चा है। यही तीनों बाद में मृत पाए गए। सूत्रों का दावा है कि दुर्घटना के बाद वाहन में रखा माल हटाने की कोशिश की गई थी। इसी दौरान डायल 112 पहुंचने पर अफरा-तफरी मच गई और भागने के दौरान तीनों युवक अंधेरे कुएं में गिर गए। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही संभव है।

#### किसी अधिवक्ता का नाम भी चर्चा में

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि मामले में किसी अधिवक्ता का नाम सामने आ सकता है। हालांकि इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं हुई है। पुलिस इस कोण पर भी सतर्कता से जांच कर रही है। वहीं बुढ़ार क्षेत्र के कुछ और नामी लोगों के भी नाम हैं। पुलिस की साइबर टीम मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल, संपर्क सूत्र और डिजिटल मूवमेंट का विश्लेषण कर रही है। माना जा रहा है कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हो सकेगा कि हादसे की रात कौन-कौन लोग क्षेत्र में मौजूद थे और घटना के बाद किस दिशा में गए।

#### बड़े नेटवर्क की आशंका

बरामद गांजे की मात्रा, कई संदिग्ध नामों का उभरना, अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोगों की चर्चा और माल को तत्काल हटाने के प्रयास जैसी बातें इस ओर संकेत कर रही हैं कि मामला संगठित नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। जांच एजेंसियां यह भी देख रही हैं कि क्या इसके तार अंतरजिला, अंतरराज्यीय या अंतरराष्ट्रीय तस्करी चैन से जुड़े हैं।

#### पुलिस के सामने चुनौतीपूर्ण जांच

तीन युवकों की मौत और मादक पदार्थ तस्करी की आशंका के बीच पुलिस के सामने दोहरी चुनौती है—मौत की वास्तविक परिस्थितियों का खुलासा करना और पूरे नेटवर्क को बेनकाब करना। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां, पूछताछ तथा खुलासे संभव माने जा रहे हैं। फिलहाल पूरे जिले की नजर इस हाई-प्रोफाइल मामले पर टिकी हुई है।

# आर्या पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय और नगर का बढ़ाया गौरव




**जयसिंहनगर।**

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में आर्या पब्लिक स्कूल जयसिंहनगर के छात्र-छात्राओं ने भी अपने जौहर दिखाए हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आर्या पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम लाकर विद्यालय, माता-पिता और नगर को गौरवान्वित किया है। छात्रों का कहना है कि उनकी सफलता का श्रेय विद्यालय के शैक्षणिक एवं शांत माहौल और समस्त शैक्षणिक स्टाफ को जाता है, यह सही मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के छात्र आराध्य गुप्ता पिता उमाकांत गुप्ता ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, सौभाग्य गुप्ता पिता ललन गुप्ता ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय जबकि पुष्पराज सिंह बघेल पिता रावेंद्र सिंह बघेल एवं छात्रा अनुष्का शर्मा पिता विप्लव शर्मा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित नगर को गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन ध्रुव सेन सिंह चौहान, संचालिका मधुलिका सिंह चौहान, प्राचार्य सूरज अग्निहोत्री एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यालय परिवार की ओर से समस्त छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गयी है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा लगातार कई वर्षों से छात्र-छात्राओं के हित में समय-समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान की जा रही है, जो छात्र-छात्राओं को एक नई दिशा प्रदान करेगी।

### अमलाई की अमिषी ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



**अमलाई।** हौसलों में जान हो, तो मंजिल खुद-ब-खुद कदम चूमती है। इस कहावत को अमलाई नगर की मेधावी छात्रा अमिषी सरनकर ने चरितार्थ कर दिखाया है । अमिषी ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता का सिर फख्र से ऊँचा किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। **मेहनत और अनुशासन से पाया मुकाम** स्टोर कॉलोनी अमराडंडी की रहने वाली अमिषी, कार्मल कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर घर और मोहल्ले में जश्न का माहौल है। अमिषी के पिता जीतेश सरनकर एसईसीएल में वरिष्ठ ओवरमेन और माता आरती सरनकर ने बेटी की इस कामयाबी पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अमिषी ने हमेशा से ही अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता दी और यह उसकी निरंतर मेहनत का ही मीठा फल है। **शिक्षकों ने थपथपाई पीठ-** विद्यालय के शिक्षकों के अनुसार, अमिषी केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि अन्य गतिविधियों में भी हमेशा अव्वल रही हैं।

### पीएम श्री कन्या विद्यालय धनपुरी का दबदबा







**धनपुरी।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी की छात्राओं ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। विद्यालय की बेटियों ने न केवल शानदार अंक अर्जित किए, बल्कि संस्था के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। इस वर्ष स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, वहीं 10वीं का परिणाम भी 88 प्रतिशत के साथ अत्यंत सराहनीय रहा।

**जास्मीन और मुस्कान बनीं रोल मॉडल-** सफलता की इस कहानी में कक्षा 10वीं की छात्रा जास्मीन बी ने 85.4 प्रतिशत (427 अंक) हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, 12वीं की छात्रा मुस्कान विश्वकर्मा ने 78 प्रतिशत (390 अंक) प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन छात्राओं की उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**शिक्षण की गुणवत्ता और अनुशासन का दिखा असर-** प्राचार्य श्रीमती अनुपमा प्रकाश के कुशल नेतृत्व और शिक्षकों की दिन-रात की मेहनत इस परिणाम का आधार बनी। परीक्षा से पूर्व कमजोर विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई विशेष रणनीति और विषयवार तैयारी का ही नतीजा है कि विद्यालय ने आज यह मुकाम पाया है। छात्राओं की इस शानदार सफलता पर प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक स्टाफ ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। क्षेत्र के अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए इसे धनपुरी के लिए गर्व का विषय बताया है।

# जुआरियों के फड़ पर धावा, वाहन और कैश बरामद

**शहडोल।** जुआरियों और सटोरियों के खिलाफ शहडोल पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। बीती रात सोहागपुर पुलिस ने ग्राम मैकी के पास नाले किनारे चल रहे एक बड़े जुआ फड़ को नेस्तनाबूद कर दिया। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने जब घेराबंदी की, तो ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे जुआरियों में हडक़ंप मच गया। अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की कोशिश कर रहे शातिरों को पुलिस ने दौड़ाकर दबोचा।

**लाखों का माल और 5 दिग्गज गिरफ्तार-** पुलिसिया कार्रवाई में मौके से जोगेन्द्र बैगा, सद्दाम अली, दिग्विजय उर्फ लाला चौहान, उमेश नापित और मुनेश बैगा को गिरफ्तार किया गया है। फड़ की तलाशी लेने पर पुलिस के हाथ 5,180 रुपये नगद और जुए की सामग्री लगी। इतना ही नहीं, पुलिस ने मौके से 3 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी भी जप्त की है, जिनकी कुल कीमत लगभग 1.25 लाख रुपये आंकी गई है।

**नाला किनारे चल रहा था दांव-** जुआरियों ने पुलिस से बचने के लिए नाले और खेत की ओट ली थी, लेकिन सोहागपुर पुलिस की पैनी नजरों से बच नहीं पाए। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई ने इलाके के अवैध धंधेबाजों में दहशत पैदा कर दी है।

## सिस्टम की सूखी संवेदनाएं, पार्षद की गीली दरियादिली

# बरगवां-अमलाई में पवन चीनी ने निजी खर्च से बुझाई वार्ड की प्यास



**शहडोल।**

भीषण गर्मी के इस दौर में जहां सूरज आग उगल रहा है और कंठ सूख रहे हैं, वहीं नगर परिषद बरगवां-अमलाई की प्रशासनिक उदासीनता ने आमजन को बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज कर दिया है। परिषद के अध्यक्ष और जिम्मेदार अधिकारियों की कुंभकर्णी नींद के बीच वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पवन चीनी एक बार फिर जनता के खेवनहार बनकर उभरे हैं। उन्होंने परिषद की सुस्ती को दरकिनार कर अपने निजी खर्च से पंप लगवाकर क्षेत्र में व्याप्त गंभीर पेयजल संकट का समाधान कर दिया है।

#### जब सिस्टम ने फेरा मुंह, तो पार्षद ने संभाली कमान

विगत लंबे समय से वार्डवासी पानी की किल्लत को लेकर अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे, लेकिन नगर परिषद के सीएमओ और अध्यक्ष की फाइलों में शायद इस प्यास की कोई जगह नहीं थी। शिकायतों के अंबार के बावजूद जब कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तब पार्षद पवन चीनी ने प्रशासन का मुंह ताकने के बजाय अपनी जेब ढीली कर जनता को राहत पहुंचाने का फैसला किया।

#### सिर्फ वार्ड 7 ही नहीं, सेवा का पुराना है इतिहास

यह कोई पहला मौका नहीं है जब पवन चीनी ने पार्षद से ऊपर उठकर समाजसेवी का धर्म निभाया हो। इससे पहले भी वे वार्ड क्रमांक 6 में अपने निजी संसाधनों से पंप और बिजली के तारों की व्यवस्था कर चुके हैं। अक्सर उन्हें अपने स्तर पर नालियों की सफाई करवाते और स्वच्छता अभियान चलाते देखा जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी एयरकंडीशनर कमरों से बाहर नहीं निकलते, तब पवन चीनी सडक़ पर उतरकर जनता के दुख-दर्द दूर करते हैं।

#### सवालों के घेरे में नगर परिषद की कार्यप्रणाली

पार्षद की इस पहल ने जहां जनता का दिल जीत लिया है, वहीं नगर परिषद की निष्पक्षता पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। आरोप लग रहे हैं कि परिषद केवल कुछ चुनिंदा वार्डों में मेहरबान है, जबकि शेष वार्ड उपेक्षित हैं। बीते 3 वर्षों से अध्यक्ष द्वारा वार्डों का भ्रमण न करना उनकी उदासीनता को प्रमाणित करता है। पार्षद वार्ड-7 पवन चीनी ने कहा कि जनता ने मुझे अपनी सेवा के लिए चुना है। अगर परिषद के पास बजट या इच्छाशक्ति का अभाव है, तो भी मैं अपने वार्ड की जनता को प्यासा नहीं देख सकता। यह मेरा कर्तव्य है। इस सराहनीय कार्य की पूरे नगर में चर्चा है, जो यह संदेश दे रहा है कि यदि जनप्रतिनिधि में इच्छाशक्ति हो, तो सरकारी तंत्र की सुस्ती भी विकास की राह नहीं रोक सकती।

# शहडोल संभाग की बेटियों और बेटों ने समझी विविधता में एकता

**शहडोल।**

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत संभाग के विद्यार्थियों ने सात समंदर पार जैसी अनुभूति कराने वाले पूर्वोत्तर राज्य नागालैंड का शैक्षणिक भ्रमण कर देश की सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। उमरिया, अनूपपुर और शहडोल जिले के चयनित छात्र-छात्राओं ने हवाई यात्रा के रोमांच के साथ नागालैंड की जीवनशैली, अनुशासन और परंपराओं को करीब से जाना।



#### खोनोमा की स्वच्छता और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट का सीखा मंत्र

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भारत के सबसे स्वच्छ और हरित ग्राम खोनोमा का दौरा किया। यहाँ उन्होंने ओपन लाइब्रेरी और स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों के समर्पण को देखा। मेड इन नागालैंड बाजार और स्थानीय हॉस्टलों में जाकर बच्चों ने सीखा कि कैसे सीमित संसाधनों में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसे नवाचार किए जाते हैं। भाषा के आदान-प्रदान के दौरान बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी के साथ-साथ नागामिंज भाषा के शब्दों को भी सीखा।

#### सांस्कृतिक मेलजोल और भव्य स्वागत

सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से चयनित इन विद्यार्थियों ने किसामा नागा हेरिटेज, वार सिमेट्री और हॉर्नबिल जैसी ऐतिहासिक जगहों का भ्रमण किया। दल के साथ मार्गदर्शी शिक्षक शंकर सिंह केरमा एवं निशा सिंह परस्ते शामिल रहे। भ्रमण से लौटे दल का संयुक्त संचालक उमेश कुमार धुर्वे ने आत्मीय स्वागत करते हुए उनके अनुभवों को संभाग के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया। यह यात्रा न केवल एक भ्रमण थी, बल्कि राष्ट्रीय अखंडता को मजबूत करने वाली एक जीवंत पाठशाला साबित हुई।


**भूमि विक्रय रोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सोहागपुर, खसरा नं. 453/3, रकबा 0.0320 हे. भूमि स्व. राम मनोहर गुप्ता की थी। तहसील आदेश दिनांक 11/09/2021 अनुसार सभी वारिसों का 1/6-1/6 हिस्सा दर्ज है।

संतोष गुप्ता जेल में है। उसकी पत्नी/पुत्रिया उक्त भूमि बेचने का प्रयास कर रही हैं, जबकि उन्हें अधिकार नहीं है।

अत: सभी सहखातेदारों की सहमति बिना कोई क्रय-विक्रय न करें। कोई मुख्त्यारनामा नहीं दिया गया है। फर्जी दस्तावेज पर विक्रय अमान्य होगा। उप पंजीयक सोहागपुर के समक्ष आपत्ति दर्ज है।

सूचनाकर्ता
समस्त सहखातेदार

# नौरोजाबाद पोस्ट ऑफिस बना मनमानी का अड्डा

## नियम-कानून ठेंगा पर, जनता परेशान, जिम्मेदार कौन

### अपने ही पैसे निकालने में आमजन को भारी दिक्कत, सिस्टम पर उठे गंभीर सवाल







**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद स्थित उप डाकघर में इन दिनों भारी अव्यवस्था, लापरवाही और मनमानी का माहौल बना हुआ है। यहां कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के कारण आम नागरिकों को अपने ही जमा पैसों के लिए घंटों भटकना पड़ रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हो रहा, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पोस्ट ऑफिस में नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। जमा-निकासी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है। पासबुक में समय पर एंट्री नहीं की जाती, जिससे खाताधारकों को अपने लेन-देन की सही जानकारी नहीं मिल पाती। यह स्थिति सीधे तौर पर भारतीय डाक विभाग के निर्धारित वित्तीय नियमों और सेवा मानकों का उल्लंघन मानी जा रही है।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि कई बार अधिकृत कर्मचारी के स्थान पर अन्य लोग यहां तक कि डाक वितरण करने वाले कर्मचारी ही पैसा जमा करते नजर आते हैं, जबकि नियमानुसार यह कार्य केवल अधिकृत काउंटर कर्मचारी द्वारा ही किया जाना चाहिए। इससे पूरे लेन-देन की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लग गया है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी अक्सर काउंटर से नदारद रहते हैं। पोस्ट ऑफिस के पास ही निवास होने के कारण वे बीच-बीच में चले जाते हैं और कार्य अन्य कर्मचारियों के भरोसे छोड़ दिया जाता है। इस दौरान कई साहब मोबाइल फोन में व्यस्त रहते हैं, जबकि आम लोग भीषण गर्मी में घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं।

नेटवर्क समस्या का हवाला देकर भी कई बार लेन-देन टाल दिया जाता है। वहीं, रजिस्ट्री और अन्य डाक सेवाओं के लिए भी लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आरोप है कि कई बार दोपहर 1 या 2 बजे से पहले ही काउंटर बंद कर दिया जाता है और साहब चले गए कहकर लोगों को लौटा दिया जाता है।

पोस्ट ऑफिस में सीसीटीवी कैमरों की अनुपस्थिति भी एक बड़ी खामी बनकर सामने आई है। निगरानी व्यवस्था न होने से कर्मचारियों की जवाबदेही तय नहीं हो पा रही, जिससे लापरवाही और अनियमितता को बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं और बच्चों से जुड़ी योजनाएं, जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, भी इस अव्यवस्था की चपेट में हैं। लोगों का आरोप है कि पैसा जमा होने के बावजूद पासबुक में एंट्री नहीं की जाती और हर बार अगली बार हो जाएगा कहकर टाल दिया जाता है। इससे योजना की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ रहा है। इसके अलावा, पोस्ट ऑफिस में मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। भीषण गर्मी में दूर-दराज से आने वाले लोगों के लिए पीने के पानी तक की कोई व्यवस्था नहीं है, जो मानवता और प्रशासनिक संवेदनशीलता दोनों पर सवाल खड़े करता है।

### जर्जर भवन बना मुसीबत

नौरोजाबाद पोस्ट ऑफिस का भवन भी काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। दीवारें कमजोर, व्यवस्था अस्त-व्यवस्थित और सुविधाएं नगण्य हैं। ऐसे माहौल में न केवल कर्मचारी बल्कि आम नागरिक भी असुरक्षित महसूस करते हैं।

### जनता की मांग

नागरिकों ने प्रशासन और भारतीय डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से निम्न मांगें की हैं पोस्ट ऑफिस की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो, सभी लेन-देन कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, पोस्ट ऑफिस में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, आम जनता के लिए पीने के पानी और बैठने की व्यवस्था की जाए, जर्जर भवन को हटाकर नया आधुनिक पोस्ट ऑफिस भवन बनाया जाए या तत्काल सुधार कार्य कराया जाए, कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति और समयबद्ध सेवा सुनिश्चित की जाए

### अब नजरें अधिकारियों पर

यह मामला अब नौरोजाबाद से निकलकर पूरे शहडोल संभाग में चर्चा का विषय बन चुका है। लगातार बढ़ती शिकायतों के बीच अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि भारतीय डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाते हैं। अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो आम जनता को मजबूर अपना खाता बंद करना पड़ सकता है।

# आंगनबाड़ियों में पोषण का बड़ा खेल

## 15 वार्डों में राशन वितरण ठप, कागजों पर बंट रहा दलिया

### वार्ड नंबर 03 की शिकायत, आंगनबाड़ी की जांच और कार्रवाई की मांग




नौरोजाबाद। नगर परिषद नौरोजाबाद के अंतर्गत आने वाले सभी 15 वार्डों की आंगनबाड़ियों में इन दिनों पोषण आहार वितरण के नाम पर भारी अनियमितता का काला खेल उजागर हुआ है। शासन की महत्वपूर्ण टेक-होम राशन योजना यहां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों का आरोप है कि पिछले 4 से 5 महीनों से नौनिहालों को मिलने वाला पोषक आहार (दलिया/लड्डू प्री-मिक्स) उनके घरों तक नहीं पहुँचा है।

### सिर्फ हस्ताक्षर का मायाजाल

चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि कुछ केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलाओं से रजिस्टर पर हस्ताक्षर तो करा लेते हैं, लेकिन वास्तव में राशन का वितरण नहीं किया जाता। वार्ड क्रमांक 03 गदहा दफाई से शुरू हुई यह शिकायत अब पूरे नगर की एक गंभीर समस्या बन गई है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो हितग्राहियों के हिस्से का राशन खुले बाजार में खपाया जा रहा है, जो कि एक गंभीर जांच का विषय है।

### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत, जांच की उठी मांग

इस गंभीर मामले को लेकर वार्ड नंबर 03 के जागरूक नागरिकों ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि बच्चों का हक उन्हें मिल सके।

### बच्चों के भविष्य से खिलवाड़, कुपोषण को दावत

2 से 3 वर्ष के मासूम बच्चे, जो शारीरिक विकास के लिए शासन के इस पोषण आहार पर निर्भर हैं, वे महीनों से इससे वंचित हैं। अभिभावकों का कहना है कि सरकार एक तरफ कुपोषण मिटाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर नौरोजाबाद के केंद्रों में तैनात अमला और उच्चाधिकारी इस बंदरबांट पर मौन साधे हुए हैं।

### कलेक्टर से हस्तक्षेप की अपील

नगरवासियों ने जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग, उमरिया से मांग की है कि सभी 15 वार्डों के केंद्रों की आकस्मिक और निष्पक्ष जांच की जाए। पिछले 4-5 महीनों के स्टॉक और वितरण रजिस्टर का भौतिक सत्यापन कर दोषी कार्यकर्ताओं और लापरवाह सुपरवाइजरों पर सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही राशन वितरण सुचारू नहीं हुआ और दोषियों पर गाज नहीं गिरी, तो वे जिला मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन को विवश होंगे।

# मेधावी छात्र छात्राओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित

## जीवन में लक्ष्य का निर्धारण करते हुए सफलता अर्जित करने का कलेक्टर ने विद्यार्थियों को दिया मूलमंत्र











### छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए,उज्जवल भविष्य की गई कामना

**उमरिया।** विद्यार्थियों एवं शिक्षकों व्दारा की गई कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि इस वर्ष जिले में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष से बेहतर रहा है। शिक्षा से बड़ा धन कुछ नही होता है,एक शिक्षित व्यक्ति पूरे समाज को शिक्षित करने की क्षमता रखता है। उक्त आशय के विचार कलेक्टर श्रीमती रेखा सहाय ने कलेक्टर सभागार में आयोजित मेधावी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अभी से अपने लक्ष्य का निर्धारण कर लें और उसी के अनुरूप तैयारी प्रारंभ करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।छात्र चिंता मुक्त रहकर अपने आगे की शिक्षा ग्रहण करें तथा कैरियर बनाएं। छात्र जिस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते है वे अपनी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दें उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत करने का कोई विकल्प नही होता है।आप सभी में भरपूर प्रतिभाएं है, उन प्रतिभाओं का उपयोग जीवन को संवारनें एवं बेहतर बनाने के लिए करें ।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि शिक्षा विकास के व्दार खोलती है । सभी छात्र छात्राओं,शिक्षकों ने मेहनत करके इस मुकाम को हासिल किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी कि परीक्षा में प्रदेश तथा जिले कि मेरिट सूची में आने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर बच्चों व्दारा कैरियर के संबंध में पूछे गये सवालो का जवाब देते हुए बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया । जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 77.87 रहा , जबकि गत वर्ष हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 72.27 था । इस वर्ष हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में 6 प्रतिशत की वृध्दि हुई है। इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 80.32 रहा,जबकि गत वर्ष हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 68.44 था।इस वर्ष हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम में 12 प्रतिशत वृध्दि हुई है । इस अवसर पर स्कूली बच्चे सहित अभिभावक उपस्थित रहे ।

# गर्मी लगातार दिखा रही अपने तेवर



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर मे गर्मी लगातार अपने तेवर दिखा रही है। शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान किया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, तापमान में बढ़ोतरी होती रही और दोपहर के समय तेज धूप के कारण गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई। दोपहर 1 बजे से 4 बजे के बीच सबसे अधिक गर्मी महसूस की गई, इस दौरान तापमान 40 से 41 डिग्री के बीच बना रहा। गर्म हवाओं के चलते सड़कों पर आवाजाही कम नजर आई। गर्मी का असर बाजारों में भी साफ दिखा। दोपहर के समय बाजारों में भीड़ कम रही और लोग जरूरी काम के बिना घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आए। हालांकि शाम होते-होते तापमान में हल्की गिरावट आई, जिसके बाद लोगों की आवाजाही बढ़ी। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है और बारिश की कोई संभावना नहीं है। साफ आसमान और लगातार तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। पिछले कुछ दिनों से भी तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है, जिससे गर्मी का असर और बढ़ गया है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। अगले कुछ दिनों में पारा 41 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है, जिससे लू जैसे हालात बन सकते हैं। डॉक्टरों और प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, अधिक पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की गई है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत बताई गई है। अप्रैल के मध्य में ही मई जैसी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है और फिलहाल राहत के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

### छुट्टी की उठ रही मांग

नगर में तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। तापमान लगातार बढ़ने से दिन के समय बाहर निकलना चुनौतीपूर्ण हो गया है। इस भीषण गर्मी का असर न सिर्फ इंसानों पर बल्कि पशु-पक्षियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है।

### बच्चों के स्वास्थ्य पर बढ़ता खतरा

इस जानलेवा गर्मी में छोटे बच्चों को स्कूल भेजना उनके स्वास्थ्य के साथ जोखिम उठाने जैसा है। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल बस और ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चों के बैठने और तेज गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। गर्मी का असर स्कूलों के भीतर भी देखने को मिल रहा है। कक्षाओं में बढ़ते तापमान के कारण बच्चों की एकाग्रता प्रभावित हो रही है, जिससे पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। वहीं, शिक्षक भी इस भीषण गर्मी में शिक्षण कार्य करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं।

### तत्काल ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग

अभिभावकों ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से अपील करते हुए कहा है कि हालात को देखते हुए तत्काल प्रभाव से सभी सरकारी और निजी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया जाए। उनका कहना है कि बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोपरि है और इस पर किसी तरह का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अभिभावकों और स्थानीय संगठनों की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए जल्द छुट्टियाँ घोषित करने की मांग लगातार की जा रही है। बढ़ती गर्मी और लू के कारण हालात गंभीर होते जा रहे हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग तेज हो गई

# शत प्रतिशत परिणाम से गौरवान्वित हुआ चचाई केल्हौरी



**हरिभूमि न्यूज चचाई।** विद्युत नगरी चचाई केल्हौरी स्थित तीनों विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वर्ष 2025-26 में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है यहां के छात्रों ने हर वर्ष अनूपपुर जिले में विशेष पहचान स्थापित किया है। हाई स्कूल केल्हौरी विद्यालय ने पहली बार शानदार प्रदर्शन कर शत प्रतिशत परिणाम लाकर लोगों को आश्चर्यचकित किया कक्षा 10 में कुल 12 छात्रों में से 11 छात्र प्रथम श्रेणी में एवं एक छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ जिसका श्रेय विद्यालय के प्राचार्य अनिल सिंह एवं सभी शिक्षकों को जाता है। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चचाई हर वर्ष जिले में अपनी पहचान बनाता आ रहा है इस बार भी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बहन प्रियंका शर्मा पिता विश्वजीत शर्मा ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही वहीं द्वितीय स्थान पर संतोषी कोल पिता रामनरेश कोल ने 93.4 अंक प्राप्त किया तीसरे स्थान पर नासबीन बानो पिता मोहम्मद शमीम ने 91.6 अंक हासिल किया। नयना वर्मा (कॉमर्स) पिता अचल वर्मा ने 89.4 अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही जबकि द्वितीय स्थान पर शिवानी वर्मा पिता दिलीप वर्मा ने 83 अंक कॉमर्स विषय से प्राप्त किया वही तृतीय स्थान पर कंचन यादव पिता पुराण प्रसाद यादव ने 82.8 प्रतिशत अंक 8 विषय के साथ उत्तीर्ण किया।



# नगर में हावी है शराबियों का कहर

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में शराबियों का कहर किस तरह से हाबी है इसका जीता जागता उदाहरण शुक्रवार को सुबह 8:00 बजे बस स्टैंड में देखने को मिला जब एक शराबी युवा के बस स्टैंड में सड़क पर घंटो सोया रहा और वाहनों का आना-जाना उसी बीच बना रहा जिसके कारण आसपास के लोगों को यह डर बना रहा कि कहीं कोई दुर्घटना घटित ना हो जाए कई लोगों ने उसे हटाने का प्रयास भी किया लेकिन वह उसे जगह से हटाने का नाम नहीं ले रहा था बड़ी मुश्किल से बात लोगों ने उसे बस स्टैंड सड़क मे पडे व्यक्ति को उठाया। बताया जाता है कि बस स्टैंड के पास स्थित वार्ड क्रमांक चार मैं खुलेआम जगह जगह महुआ की कच्ची शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है जिसके कारण सुबह से लेकर देर रात तक बस स्टैंड में शराबियों का आतंक बना रहता है यहां तक की रात्रि में यदि कोई यात्री यात्री प्रतीक्षालय मैं रुक गया तो शराबियों के द्वारा उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की घटना को भी अंजाम देते हैं कुछ दिनों पूर्व छत्तीसगढ़ के केल्हारी गांव का एक व्यक्ति चना बेचने के लिए केशवाही जा रहा था लेकिन बस न मिलने के कारण वह रात्रि में रुक गया और रात में लगभग 2:00 बजे के आसपास शराबियों के द्वारा उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम भी दिया इसके कारण वह व्यक्ति पूरी रात नहीं सो पाया रात्रि में ही पुलिस गस्ती की टीम जब पहुंची तब शराबी को वहां से भगाया गया प्रतिदिन बस स्टैंड व यात्री प्रतीक्षालय में शराबियों के द्वारा आतंक मचाया जाता है इसके कारण यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोग परेशान है। आबकारी विभाग के द्वारा कच्ची शराब बिक्री पर कार्रवाई नहीं किए जाने से यह घटना प्रतिनिधि घटित हो रही है।

## 97 परिणाम के साथ पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल भालूमाड़ा ने रचा सफलता का नया इतिहास



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में पीएम शासकीय हाई स्कूल भालूमाड़ा का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय ने 97 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विद्यालय के छात्र रितिक रजक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर साजिद खान एवं तृतीय स्थान पर रीता केवट रहीं। विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में शानदार अंक अर्जित कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सतीश सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि "हमारे विद्यालय का लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास की ओर ले जाना है। उन्होंने बताया कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों के अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय को समय-समय पर जिले के कलेक्टर, सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन का भी लाभ मिलता रहा, जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त करने में सहायता मिली। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने का संकल्प लिया है।

## जल गंगा अभियान में जनसहभागिता का संगम, सगरा तालाब की हुई व्यापक सफाई



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण "जल स्त्रोत सेवा समागम" के अंतर्गत ग्राम पंचायत मलगा (विकासखंड अनूपपुर, सेक्टर क्रमांक-05) में सगरा तालाब पर सामूहिक श्रमदान एवं जनसहभागिता से तट व घाट की व्यापक साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम का आयोजन अभिनव समाज सेवी समिति एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान के तत्वावधान में किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को जल संरक्षण, जल संचय एवं जल के सदुपयोग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने अपील की कि जल की प्रत्येक बूंद को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर परामर्शदाता कृष्णा देवी एवं शिवानी सिंह सहित समिति के प्रतिनिधि, आमाडांड सरपंच रेखा सिंह, रोजगार सहायक तुलसीदास साहू, पंच रामनारायण, मोबेलाइजर माया तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मलगा के सदस्य और सीएमसीएलडीपी की छात्राएं तारा केवट, आरती, नागेंद्र, कमलेश एवं कन्हैया लाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### आयुष शुक्ला ने 98.6% अंक के साथ बने जिला एवं क्लस्टर टॉपर



**अमलाई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं की परीक्षा में धनपुरी के होनहार छात्र आयुष शुक्ला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले एवं क्लस्टर में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।आयुष शुक्ला ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी माता अर्चना शुक्ला एवं पिता राजेंद्र प्रसाद शुक्ला (सीनियर ओवरमैन) ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त किया है। परिवार एवं शिक्षकों ने आयुष की इस उपलब्धि को अनुशासन, निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास का परिणाम बताया।आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने समय का सही प्रबंधन करते हुए सभी विषयों पर समान ध्यान दिया, जिससे यह शानदार परिणाम संभव हो सका।क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और मित्रों ने आयुष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आयुष की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम किया आयोजन



**बुढार।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया और समाज के विभिन्न गतिविधियों में महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों पर गरिमामई कार्यक्रम के मध्य उन्हें सम्मानित किया गया।म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार में शुक्रवार को 'नारी शक्ति वंदन' के चलाये जा रहे पखवाड़ा कार्यक्रम का वृहद आयोजन नगर परिषद पार्षद श्रीमती जूली जैन के मुख्यातिथ्य में तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.श्रीमती गंगा मिश्रा की अध्यक्षता एवं अधिवक्ता रीना पत्रिक, दीपिका यादव, बुढार थाने में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक - सरिता राठौर, आरक्षक कल्पना धुर्वे, समाजसेविका श्रीमती प्रतिभा जैन के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम भव्यता पूर्वक आयोजित किया गया, इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्राओं में 'नारी शक्ति वंदन' पोस्टर मेकिंग एवं निबंध प्रतियोगिता के आयोजन में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई।शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ.नागमणि मानिकपुरी कार्यक्रम प्रभारी के सार्थक प्रयास में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.श्रीमती गंगा मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहाकि - महिलाओं को समान अवसर अर्जित कराये जानें के पुनीत उद्देश्य से शासन एवं प्रशासन द्वारा सार्थक पहल की गई है, और महिलायें मिले दायित्वों को पूरे निष्ठा व समर्पण भावना से निर्वहन कर अपनी एक अलग पहचान समाज के समक्ष कायम की है, ऐसी मातृशक्ति को समाज में सम्मान की द्रष्टि से देखा जा रहा है।कार्यक्रम प्रभारी वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नागमणि मानिकपुरी ने कहाकि - म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन पर चलाये जा रहे पखवाड़ा के तहत विविध आयोजन किया जा रहा है।

## सोहागपुर क्षेत्र के सैकड़ों प्रकरण जबलपुर कार्यालय में लंबित, 600-700 हितग्राही नए PPO से वंचित

# फाइलों में कैद पेंशन, दर-दर भटकती विधवाएं

कोयलांचल सोहागपुर में एक ऐसी हकीकत सामने आई है, जो व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिन मजदूरों ने जीवनभर खदानों में पसीना बहाया, उनके निधन के बाद उनके परिवार आज पेंशन के लिए भटकने को मजबूर हैं। कोयला खान भविष्य निधि कार्यालय जबलपुर में लंबित सैकड़ों विधवा पेंशन प्रकरण अब पीड़ित परिवारों के लिए सबसे बड़ी चिंता बन चुके हैं।




धनपुरी।

सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष रामसजीवन शर्मा ने महाप्रबंधक सोहागपुर क्षेत्र को ज्ञापन सौंपकर स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि जल्द निराकरण नहीं हुआ, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।जिंदगी का सहारा बना इंतजारविधवा पेंशन, जो इन परिवारों के लिए जीवनयापन का एकमात्र साधन है, अब इंतजार में बदल गई है। कई महिलाएं महीनों से नहीं, बल्कि वर्षों से पेंशन के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं।घर चलाना, बच्चों की पढ़ाई और इलाज—हर जरूरत अधूरी रह रही है।PPO के बिना अटकी पूरी प्रक्रियासंघ के मुताबिक, लगभग 600 से 700 पात्र हितग्राहियों को नया पेंशन पेमेंट ऑर्डर (PPO) जारी नहीं किया गया है। यही कारण है कि पेंशन की प्रक्रिया पूरी तरह ठप पड़ी है।यह स्थिति सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है।सूची ने खोली सिस्टम की सच्चाईज्ञापन के साथ 25 विधवा पेंशन प्रकरणों की सूची भी सौंपी गई है, जिनमें अमलाई, धनपुरी, राजेंद्र, बंगवार और शारदा खदानों के नाम शामिल हैं।यह सूची केवल एक नमूना है—असल में प्रभावितों की संख्या सैकड़ों में है।बैठक की मांग, समाधान की आससंघ ने मांग की है कि कोयला खान भविष्य निधि आयुक्त की विशेष बैठक सोहागपुर क्षेत्र में आयोजित की जाए, ताकि मौके पर ही लंबित मामलों का निराकरण हो सके।इससे पारदर्शिता आएगी और पीड़ितों को तत्काल राहत मिल सकेगी।आंदोलन की चेतावनीसंघ ने साफ संकेत दिए हैं कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।यह केवल पेंशन का मुद्दा नहीं, बल्कि सैकड़ों परिवारों के सम्मान और जीवन के अधिकार का सवाल बन चुका है।(बॉक्स – जमीनी हकीकत)सैकड़ों विधवा पेंशन प्रकरण लंबित600-700 हितग्राही नए PPO से वंचितवर्षों से भुगतान अटकाआर्थिक संकट से जूझते परिवारअंतिम बातःकोयला अंचल में पसीना बहाने वाले मजदूरों के परिवार आज उपेक्षा के शिकार हैं। अगर समय रहते जिम्मेदारों ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई, तो यह मुद्दा केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि मानवीय संकट का बड़ा उदाहरण बन जाएगा।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बुढार में विधिक जागरूकता शिविर एवं राजयोग मेडिटेशन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

बुढ़ार।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बुढ़ार में तहसील विधिक सेवा समिति बुढार द्वारा विधिक जागरूकता शिविर एवं राजयोग-मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल मा. काशीनाथ सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बुढ़ार मा. सुशील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ खण्ड मा. लक्ष्मण रोहित की विशिष्ट उपस्थिति रही, शिविर अवसर पर विधिक अधिकारों एवं योजनाओं की उपस्थित जनों को जागरुक रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र बुढार की रीता दीदी ने - योग एवं मेडिटेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि - नियमित साधना से मानसिक शांति, तनाव मुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त होता है, और राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से हमारा आंतरिक मनोबल बढ़ता है, चरित्र का निर्माण होता है तथा दैवीय गुणों और शक्तियों की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही, यह हमें अनेक प्रकार की बुराइयों और नकारात्मकताओं से दूर रहने में सहायक बनाता है। रीता दीदी ने - उपस्थित आमजनों, न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं को योग एवं ध्यान को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही, जिन्होने विधिक जानकारी के साथ-साथ योग एवं ध्यान के महत्व को समझा और कार्यक्रम की सराहना की।

## ब्योहारी में अधूरी नाली निर्माण से हादसों का खतरा, दुकान तक रास्ता बंद


ब्योहारी।






नगर के शासकीय अस्पताल के सामने एबीसी कंपनी द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण का काम पिछले तीन महीनों से अधूरा पड़ा है। सड़क किनारे गहरी खुदाई होने के कारण आए दिन छोटे बच्चे इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो बड़ा हादसा भी हो सकता है।दुकानदारों ने बताया कि नाली की खुदाई के कारण उनकी दुकानों तक जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। कई बार संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को अवगत कराने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाए या अस्थायी रूप से सुरक्षित रास्ता बनाया जाए, ताकि लोगों को परेशानी और संभावित दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।

## शहीद वनरक्षक के समर्थन में शोकसभा आयोजित कर निकाला मौन जुलूस



ब्यौहारी

मध्य प्रदेश के अंतर्गत मुरैना जिले में अबैध रेत पकड़ने गए वनरक्षक हरिकेश गुर्जर की रेत माफियाओं द्वारा ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई इस घटना से पूरे मध्य प्रदेश के वन मोहकमे में आक्रोश है 13/04/26 को उपवन मंडल कार्यालय ब्यौहारी में मुरैना में हुई घटना को लेकर वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा उपवन मंडल कार्यालय ब्यौहारी में शोकसभा के बाद लेकर बनसुकली चौराहा तक मौन जुलूस निकालकर वनरक्षक को गई एवं उनके परिवार की आर्थिक सहायता के लिए अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा आपसी सहयोग से राशि एकत्रित किया गया यह राशि शहीद वनरक्षक के परिवार को भेजी जाएगी अधिकारियों द्वारा घटना को लेकर शोक प्रकट किया गया उल्लेखनीय की वन विभाग अब मुख्यमंत्री के पास है वन अधिकारियों का आए दिन लकड़ी माफिया एवं रेत माफिया और शिकार आमना-सामना होता रहता है इसलिए रेंजर डिप्टी रेंजर स्तर के अधिकारियों को पिस्टल दी जाए एवं सेल्फ डिफेंस में चलने का अधिकार भी दिया जाए तभी जंगल में हो रहा अवैध उत्खनन अवैध कटाई पर लगाम लग सकेगी। शोकसभा में अंसज सिंह भदोरिया एसडीओ, रजनीश त्रिपाठी रेंजर गोदावल, अशोक निगम रेंजर पश्चिम, संदीप गौतम अवेंजर पूर्व, अरुण उपाध्याय रेंजर,समस्त डिप्टी रेंजर , वनपाल एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं सीबीएसई का घोषित परीक्षा परिणाम रहा अत्यंत सराहनीय

बुढार।







केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (सीबीएसई) द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बुढ़ार का परिणाम अत्यंत ही सराहनीय रहा और विद्यालय नें इस वर्ष उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम की है। घोषित परीक्षा परिणाम में - छात्र अनय गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं छात्रा अमृता परीडा ने 93 दशमलव 6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा अक्षत शुक्ला ने 92 दशमलव 6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विशेष उल्लेखनीय यह रही कि - अमृता परीडा ने संस्कृत विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

मेघावी अव्वल छात्र अनय गुप्ता सेवा पैथालाजी रवि गुप्ता के सुपुत्र, तथा छात्रा अमृता परीडा म. प्र. ग्रामीण बैंक कैसियर बंगवार मोहन परीडा की सुपुत्री तथा अक्षत शुक्ला ट्रांसपोर्ट व्यवसायी रीतेश शुक्ला के सुपुत्र हैं, जिन्होंनें क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित कर अपना तथा अपनें विद्यालय को गौरवान्वित किया है। डी.ए.वी. विद्यालय के कुल 30 छात्र-छात्राएँ परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 18 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। डी.ए.वी. विद्यालय के अध्यक्ष छोटे लाल सरावगी ने घोषित परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं, और उन्होंने कहाकि - शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रों की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। उन्होंने विश्वास जताया कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।मध्यप्रदेश परिक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस.के. सिन्हा ने परीक्षा परिणाम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों और शिक्षकों के परिश्रम का प्रतिफल बताया तथा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।विद्यालय के प्राचार्य विनय मोहन उरमलिया ने विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए कहाकि - यह उपलब्धि उनके अनुशासन, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है, और विद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कारों का भी विकास करता है, जो उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि - कक्षा 11वीं में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में प्रवेश प्रारंभ है, इच्छुक छात्र प्रवेश लेकर अपना स्थान सुरक्षित करा सकते हैं।

## आंगनबाड़ियों में 'पोषण पखवाड़ा' की धूम, स्थानीय व्यंजनों और कहानियों से महिलाओं को किया जा रहा जागरूक



**बुढार।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में नगर की विभिन्न आंगनबाड़ियों में 8वां पोषण पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। 9 अप्रैल से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

**विभागीय मार्गदर्शन में विविध आयोजन-** जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा एवं बुढार पर्यवेक्षक श्रीमती राम कुमारी पांडेय के निर्देशानुसार, नगर के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन रचनात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य पोषण को जन-आंदोलन बनाना है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं:प्रभात फेरीः जन-जागरूकता के लिए वार्डों में रैलियां निकाली जा रही हैं।स्वास्थ्य शिविरः गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं।दादी-नानी की जुबानीः पारंपरिक कहानियों के माध्यम से पोषण का महत्व समझाया जा रहा है।व्यंजन प्रदर्शनीः स्थानीय खाद्य सामग्रियों का उपयोग कर पौष्टिकता से भरपूर व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं।

**जंक फूड के विरुद्ध जागरूकता-** कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जंक फूड और पैक्ड फूड के नुकसानों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके विकल्प के रूप में दैनिक आहार में:अंकुरित अनाज और छोले,ताजी हरी सब्जियां, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषक तत्व इन सामग्रियों को नियमित आहार में शामिल करने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा प्रेरित किया जा रहा है।

**इनकी रही सक्रिय भूमिका-** इस अभियान को सफल बनाने और जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शोभा नामदेव, सुकृति गुप्ता, माया गुप्ता, मालती लखेर, माया सिंह, प्रीति लखेर एवं ममता सोनी सहित पूरा विभागीय अमला पूरी सक्रियता के साथ जुटा हुआ है।

## विद्यासागर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षाओं में गाड़े सफलता के झंडे; मेधावियों का हुआ सम्मान










बुढार।

**माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा हाल ही में घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में विद्यासागर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बुढार के विद्यार्थियों ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न संकायों की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर न केवल संस्थान का, बल्कि समूचे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।**

### शानदार परीक्षा परिणामः एक नजर में

विद्यालय के होनहारों ने गणित, विज्ञान और वाणिज्य संकायों में उत्कृष्ट अंक अर्जित किए हैं। परिणाम का विवरण निम्नानुसार हैः

कक्षा 12वीं (जीव विज्ञान संकाय):नमामि सिंहः 93% (प्रथम स्थान),उमराह नौरिनः 86.8% (द्वितीय स्थान),प्रियांशी पांडेः 84.5% (तृतीय स्थान) एवं कक्षा 12वीं (गणित संकाय):कु. सृष्टि जैनः 92.4% (प्रथम स्थान),अंशिका जैनः 90.4% (द्वितीय स्थान),मनाली साहूः 85.6% (तृतीय स्थान) तथा कक्षा 12वीं (वाणिज्य संकाय):चंदन केसरवानी एवं स्मृति सोनीः 90.2% (संयुक्त प्रथम स्थान),कृति सोनीः 89.6% (द्वितीय स्थान),संस्कृति गुप्ताः 89.4% (तृतीय स्थान) पर रही इसी तरह कक्षा 10वीं के परिणामःसाहिल जेठवानीः 91% (प्रथम स्थान),जानवी साहूः 89% (द्वितीय स्थान),खुशनुमा बीः 87.6% (तृतीय स्थान) पर अपना स्थान अर्जित किया।

### सम्मान समारोह और करियर गाइडेंस





छात्रों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर 16 अप्रैल को विघासागर विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं और 12 वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं सहित उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज बुढार के जनभागीदारी अध्यक्ष निलेश जैन एवं नगर के प्रतिष्ठित सी.ए. मोहित छाबड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए करियर गाइडेंस प्रदान किया और उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### 30 लाख का खेल, सिस्टम में सेंध, अपने ही लोगों में बंटी सरकारी रकम

# ऑपरेटर ने रचा घोटाले का 'डिजिटल जाल'

**अनूपपुर जिले में जनजातीय कार्य विभाग के भीतर करीब 30 लाख रुपये के घोटाले ने हड़कंप मचा दिया है। आरोप है कि कंप्यूटर ऑपरेटर ने सिस्टम का दुरुपयोग कर अपने ही परिचितों और रिश्तेदारों के खातों में सरकारी राशि ट्रांसफर कर दी। मामला सामने आते ही प्रशासन हरकत में आया और जांच तेज कर दी गई है। इस पूरे खेल ने विभागीय कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के जनजातीय कार्य विभाग में सामने आए इस घोटाले ने सरकारी तंत्र की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच अतिथि शिक्षकों के भुगतान के नाम पर बड़ी अनियमितताएं की गईं। आरोप है कि विभाग में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर ने फर्जी नाम जोड़कर और वास्तविक हितग्राहियों के स्थान पर अपने परिचितों के खातों में रकम ट्रांसफर कर दी। जांच प्रतिवेदन के अनुसार करीब 30,95,881 रुपये की राशि संदिग्ध रूप से अलग-अलग खातों में भेजी गई। इसमें कई ऐसे नाम शामिल हैं, जिनका विभाग से कोई सीधा संबंध नहीं था। मामला तब





उजागर हुआ जब भुगतान प्रक्रिया की जांच की गई और रिकॉर्ड में गड़बड़ियां सामने आईं। अब जनजातीय कार्य विभाग ने एसपी को पत्र लिखकर मामले की गंभीर जांच की मांग की है। जैतहरी थाना में पूछताछ जारी है और जल्द ही और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### सिस्टम में सेंध, फर्जी नामों का खेल

घोटाले की जड़ में कंप्यूटर सिस्टम के जरिए की गई छेड़छाड़ सामने आई है। आरोप है कि ऑपरेटर ने भुगतान सूची में फर्जी नाम जोड़कर उन्हें वास्तविक लाभार्थियों की तरह दर्शाया। इसके बाद इन नामों के बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कर दी गई। खास बात यह है कि जिन खातों में पैसे भेजे गए, वे अधिकतर उसके परिचितों या रिश्तेदारों के बताए जा रहे हैं। इस तरह तकनीक का इस्तेमाल कर सरकारी पैसे को निजी खातों में पहुंचाने का सुनियोजित खेल रचा गया।

### रिश्तेदारों के खातों में पहुंची रकम

जांच में सामने आया है कि घोटाले की रकम ऑपरेटर के करीबी लोगों के खातों में ट्रांसफर की गई।



इनमें पति, भाई, भाभी और अन्य परिचित शामिल बताए जा रहे हैं। लाखों रुपये अलग-अलग हिस्सों में बांटकर भेजे गए ताकि मामला आसानी से पकड़ में न आए। लेकिन जब खातों का मिलान किया गया तो एक ही परिवार और करीबी लोगों के नाम सामने आने लगे। इससे पूरे मामले में साजिश की पुष्टि और मजबूत हो गई है।

### अतिथि शिक्षकों के नाम पर हेराफेरी

इस घोटाले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि इसमें अतिथि शिक्षकों के भुगतान का सहारा लिया गया। वास्तविक शिक्षकों के नाम के साथ फर्जी खातों को जोड़कर भुगतान प्रक्रिया को मोड़ा गया। कई ऐसे शिक्षक भी सामने आए जिनके नाम पर भुगतान दिखाया गया, लेकिन उन्हें राशि नहीं मिली। इस तरह शिक्षा व्यवस्था के नाम पर पैसे की बंदरबांट ने न सिर्फ आर्थिक नुकसान किया बल्कि व्यवस्था की साख को भी चोट पहुंचाई है।

### 3 साल तक चलता रहा खेल, किसी को भनक नहीं

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह खेल करीब तीन साल तक चलता रहा और किसी को भनक तक नहीं लगी। विभागीय निगरानी और ऑडिट सिस्टम पूरी तरह फेल साबित हुए। यदि समय रहते जांच होती तो इतनी बड़ी राशि का गबन रोका जा सकता था। यह मामला दर्शाता है कि सिस्टम में अंदर ही अंदर किस तरह से गड़बड़ियां पलती रहीं और जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने रहे। अब जांच के बाद कई अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ सकती है।

### जांच तेज, कई और नाम आने की संभावना

मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। जनजातीय कार्य विभाग ने एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई की सिफारिश की है, वहीं जैतहरी थाना में पूछताछ जारी है। सूत्रों की मानें तो अभी और भी नाम सामने आ सकते हैं, जिससे घोटाले का दायरा और बढ़ सकता है। अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में इस मामले में बड़े खुलासे होने तय माने जा रहे हैं।

## अमरकंटक में बढ़ती गर्मी, दिन में चुभन, रात में शीतलता बरकरार



बढ़ते तापमान के बीच भी अमरकंटक की रातें दे रही सुकून भरी ठंडक

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक-आध्यात्मिक तीर्थ स्थल अमरकंटक में अब ग्रीष्म ऋतु ने अपनी दस्तक स्पष्ट रूप से दे दी है। दिन के समय तेज धूप और चुभन भरी गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है, वहीं शाम ढलते ही मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जाता है और ठंडी हवाओं के साथ वातावरण सुहावना एवं सुकूनदायक हो उठता है। यही विशेषता अमरकंटक को अन्य स्थानों से अलग बनाती है। 16 अप्रैल को अमरकंटक का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक 81 रहा, जो अपेक्षाकृत स्वच्छ वातावरण का संकेत देता है, जबकि आर्द्रता का स्तर 16 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। प्रातः लगभग 11 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी का प्रभाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है। इस दौरान धूप की तीव्रता और तपिश लोगों को चुभन का एहसास करा रही है। वहीं शाम 6 बजे के बाद मौसम में अचानक शीतलता घुल जाती है और रात्रि का वातावरण अत्यंत खुशनुमा तथा ठंडक भरा हो जाता है। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि बीते 15 से 20 वर्षों में अमरकंटक के तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि हुई है। उनका मानना है कि साल वृक्षों की कटाई, बढ़ती जनसंख्या और बाहरी हस्तक्षेप के कारण पर्यावरण संतुलन प्रभावित हुआ है। पहले 34 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचते ही वर्षा हो जाया करती थी, जिससे गर्मी अधिक नहीं बढ़ पाती थी। वरिष्ठ नागरिकों के अनुसार, पहले मई-जून जैसे गर्म महीनों में भी अमरकंटक का मौसम इतना शीतल रहता था कि कूलर या वातानुकूलित यंत्रों की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। साधारण पंखे से ही काम चल जाता था और कई बार रात्रि में हल्की ठंडक के कारण कंबल तक ओढ़ना पड़ता था। अब धीरे-धीरे अमरकंटक ग्रीष्म ऋतु की ओर अग्रसर है। आने वाले वैशाख, ज्येष्ठ एवं प्रारंभिक आषाढ़ माह में तापमान किस स्तर तक पहुंचेगा, यह आने वाला समय ही तय करेगा।

## कांग्रेस ने महापुरुषों को कभी नहीं दिया हक का सम्मान-पंकज तेकाम



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तेकाम अनूपपुर जिले के प्रवास पर पहुंचे। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। 16 अप्रैल को अनूपपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के पिछड़ने का सबसे बड़ा कारण देश-प्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रहीं। कांग्रेस ने हमारे बच्चों को पढ़ाई-रोजगार से वंचित रखा और महापुरुषों को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। एक परिवार के नाम पर पूरे देश में प्रतिमाएं लगवाईं, लेकिन आजादी की लड़ाई में बलिदान देने वाले जनजातीय महापुरुषों को भुला दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमोल सिंह मार्को सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष का बदरा, फुनगा, कोतमा, बिजुरी सहित अन्य स्थानों पर जोरदार स्वागत हुआ। बदरा में मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मिंटू, सरपंच सूर्यभान सिंह ने अभिनंदन किया। तेकाम ने कहा कि यह उनका अनूपपुर का पहला प्रवास है। कार्यकर्ताओं से संगठन की स्थिति व सरकार की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा, जनजातीय क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाएंगे और योजनाओं का लाभ समय पर दिलवाएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 60-70 वर्षों में जनजातीय महापुरुषों की तस्वीरें क्यों नहीं लगाई गईं? नाखून कटवाने वालों की प्रतिमाएं लगाकर परिवारवाद को बढ़ावा दिया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने दी।

## 20 साल की हार का अंत करने की तैयारी, आशीष त्रिपाठी बने जयसिंह नगर विधानसभा प्रभारी, संभालेंगे "कांटों भरा ताज"

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शहडोल संभाग की महत्वपूर्ण जयसिंहनगर विधानसभा सीट पर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी ने बड़ा संगठनात्मक निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर आशीष त्रिपाठी को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। जयसिंहनगर विधानसभा में कांग्रेस को पिछले लगभग 20 वर्षों से लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में यह नियुक्ति सिर्फ एक पदभार नहीं, बल्कि एक "कांटों भरा ताज" मानी जा रही है। यहां भाजपा का मजबूत संगठन और सरकार का प्रभाव लंबे समय से कांग्रेस के लिए चुनौती बना हुआ है। आशीष त्रिपाठी के सामने सबसे बड़ी परीक्षा भाजपा के सशक्त संगठन और सत्ता के प्रभाव से मुकाबला करने की होगी। उन्हें न केवल बूथ स्तर तक कांग्रेस संगठन को पुनर्जीवित करना होगा, बल्कि कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरते हुए जनता के बीच विश्वास भी कायम करना होगा। विश्लेषकों के अनुसार, जयसिंहनगर में कांग्रेस की लगातार हार का मुख्य कारण संगठनात्मक कमजोरी और जमीनी पकड़ का कमजोर होना रहा है। ऐसे में त्रिपाठी को "डैमेज कंट्रोल" के साथ-साथ "संगठन निर्माण" की दोहरी रणनीति पर काम करना होगा। नवनियुक्त प्रभारी की जिम्मेदारियों में कांग्रेस की नीति-रीति को जन-जन तक पहुंचाना, सभी घटक संगठनों को सक्रिय करना और स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना शामिल है। इसके साथ ही आगामी नगर परिषद, निकाय, पंचायत एवं विधानसभा चुनावों में जीत दिलाना भी उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। राजनीतिक दृष्टि से यह नियुक्ति कांग्रेस के लिए एक बड़ा दांव है। अब देखना यह होगा कि आशीष त्रिपाठी इस चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी को किस तरह निभाते हैं और क्या वे भाजपा के मजबूत किले में सेंध लगाकर कांग्रेस को नई ताकत दे पाते हैं या नहीं।



## केरहा नाला परिसर में नवांकुर संस्थाओं और छात्रों ने किया श्रमदान



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप तथा कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में जिलेभर में ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड कोतमा के केरहा नाला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वृहद स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत नवांकुर संस्था माँ अंबे सेवा समिति (बगैहा टोला), नगर विकास प्रस्फुटन समिति कोतमा और सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्र-छात्राओं ने केरहा नाला और मंदिर परिसर में फैले कचरे को साफ किया। इस दौरान उपस्थित जनों ने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और उन्हें स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक सरिमन साकेत, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिलीप शुक्ला, परामर्शदाता सुश्री रश्मि रैकवार और नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष आनंद शर्मा सहित आमजन उपस्थित थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक शासकीय आयोजन नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है। जल संरचनाओं का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है ताकि भविष्य के लिए जल सुरक्षित किया जा सके।

## ज्ञान, समानता और संविधान के शिल्पकार को नमन

### नवोदय विद्यालय अमरकंटक में श्रद्धा के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।




पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में भारत के महान समाज सुधारक एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पावन जयंती श्रद्धा, सम्मान और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह से ज्ञान, प्रेरणा और सामाजिक समरसता के भाव से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अर्चना सिंह पायक द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अर्चना सिंह पायक ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में डॉ. भीमराव अंबेडकर के अद्वितीय व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बाबा साहब के संघर्षपूर्ण जीवन, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण तथा सामाजिक समानता स्थापित करने के उनके प्रयासों को अत्यंत प्रेरणादायक बताया। उनके विचारों ने उपस्थित विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और जागरूकता का संचार किया। कार्यक्रम में शिक्षक महेश्वर द्विवेदी एवं श्रीमती मनोरमा कौशल ने भी अपने प्रेरक विचारों के माध्यम से बाबा साहब के आदर्शों को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचारों और वक्तव्यों के माध्यम से उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर किया, जिससे कार्यक्रम और भी ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बन गया। पूरे कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली मंच संचालन शिक्षक वाहिद शेख द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी वाणी से कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाए रखा।

इस प्रकार, नवोदय विद्यालय अमरकंटक में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक बना, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक सशक्त संदेश भी छोड़ गया।

## आगजनी से करीब 6 से 8 लाख रुपए का नुकसान

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक चार हॉस्पिटल रोड मुक्ति धाम के पास गुरुवार की रात लगभग 10 बजकर 45 मिनट मे मोहम्मद सरफराज अहमद के घर के अंदर ऊपर कमरे में आग लग गई। आगजनी से करीब 6 से 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। परिवार वालों की माने तो अलमारी में रखे 2 लाख नगदी सहित घरेलू सामान एवं दुकान के समान पूरी तरह जलकर खाक हो गया। भारी मात्रा में रखे बर्तन, गैस चूल्हा, पन्नी ,कपड़े के बैग सहित घरेलू सामान जलकर स्वाहा हो गया। आग लगने की सूचना के बाद दमकल वाहन, नगर पालिका अध्यक्ष व पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने में लगी रही। लगभग 2 घंटे तक फायर ब्रिगेड पुलिस व स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार के अनुसार रात 11 बजे के आसपास पड़ोसियों द्वारा आग लगने की जानकारी दी गई। जिसकी सूचना स्थानीय पार्षद, नगर पालिका व पुलिस को दी गई। आग़ ऊपर की पहली मंजिल में शॉर्ट सर्किट से लगने की संभावना बताई जा रही है जो की ऊपर के तीन कमरों में पहुंच गई। एक कमरे में बिस्तर सहित घरेलू सामान एवं अलमारी में रखें 2 लाख नगदी के साथ आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी स्वाहा हो गई। गर्मी के कारण आग तेजी से फैल गई आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया। इसके बाद परिवार के लोग जान बचाने आग़ से बचने के लिए नीचे कमरे में आ गए।

स्थानीय लोगों एवं पड़ोसियों द्वारा पानी से आग बुझाने का प्रयास किया गया। आग़ में काबू न होने के बाद गली वाले रास्ते से सीढ़ी लगाकर भी फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार मारी गई जिसके बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। आग इतनी तेज थी कि कमरों के प्लास्टर पूरी तरह उखड़ गई साथ ही दीवारो में भी दरार पड़ गई। स्थानीय पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण किया। राजस्व एवं नपा की टीम दूसरे दिन भी निरीक्षण कर मुआयना किया।

### नगर परिषद बनगवां के वार्ड 08 में नाला सफाई का कार्य संपन्न



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में जिले भर में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर परिषद बनगवां के वार्ड क्रमांक 08 स्थित बड़े नाले की सफाई का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के दौरान स्वच्छता दल और स्थानीय अमले ने सामूहिक सहभागिता के साथ नाले में जमी पुरानी गंदगी, गाद और अवरोधों को पूरी तरह हटाया। इस सफाई कार्य का मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु के पूर्व जल निकासी को बेहतर बनाना और स्थानीय जल स्तर में सुधार लाना है। कलेक्टर पंचोली ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जल स्रोतों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें और नालों में गंदगी न डालें, ताकि भविष्य में जल भराव की स्थिति पैदा न हो और पर्यावरण सुरक्षित रहे।

### शासकीय मॉडल विद्यालय जैतहरी में विद्यार्थियों ने ली जल संरक्षण की शपथ



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के निर्देशन में जिले के समस्त शिक्षण संस्थानों में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से जल स्रोतों को स्वच्छ रखने और पानी की एक-एक बूंद बचाने की शपथ ली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को जल संकट के प्रति सचेत करना और उन्हें अपने आसपास के नदी, तालाबों और कुओं के संरक्षण के लिए प्रेरित करना है।

## बैसाखी अमावस्या पर अमरकंटक में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य डुबकी

### दर्शन पूजन अर्चन किया, सतुवा का किया दान



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में वैशाख मास की पावन सतुवाई अमावस्या के अवसर पर आस्था देखने को मिला, जब हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी नर्मदा नदी के पावन तट पर पहुंचकर श्रद्धा की डुबकी लगाई और अपने जीवन को धन्य किया। तड़के सुबह से ही तीर्थस्थल के प्रमुख घाटों रामघाट, गांधी कुंड एवं अन्य पवित्र कुंडों पर स्नान, पूजन और अर्चन का सिलसिला प्रारंभ हो गया, जो पूर्वाह्न तक निरंतर चलता रहा। वैशाख कृष्ण पक्ष की अमावस्या, रेवती नक्षत्र और शुक्रवार, 17 अप्रैल के इस पुण्य अवसर पर मध्य प्रदेश के बैतूल, सीहोर, शाजापुर सहित महाराष्ट्र के नागपुर, नासिक और जलगांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। ग्रीष्म ऋतु की तपिश को देखते हुए अधिकांश भक्तों ने प्रातःकाल में ही स्नान-ध्यान कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। रामघाट पर विशेष रूप से सीहोर से आए श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजन, हवन और आरती का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भोग-प्रसाद अर्पित कर भक्तों ने सामूहिक रूप से पारंपरिक व्यंजन दाल-बाफले का प्रसाद ग्रहण किया। भक्ति और उत्साह के इस वातावरण में श्रद्धालु पंगत में बैठकर भोजन करते हुए आपसी सद्भाव और संस्कृति की झलक प्रस्तुत कर रहे थे। स्नान-पूजन के उपरांत दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों के साथ अमरकंटक के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण किया, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन की विशेष चहल-पहल बनी रही। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सतुवाई अमावस्या का विशेष महत्व है।

**प्लॉट बेचना है**
**अनूपपुर में**
चचाई रोड में अण्डर ब्रिज से 500 मी. आगे मेन रोड में (प्लाट साईज 40 X 124) चारों तरफ बांउड्रीवाल बनी हुई है।
सम्पर्क
8839048890,
9971596624